SHRI GULABRAO ESHWARA KHANDVE EDUCATIONAL FOUNDATION

# JAGADGURU INTERNATIONAL SCHOOL, LOHEGAON, PUNE

## TERM - 1 EXAM (2024-2025)

**Grade – VI** | **Time: - 3 Hours**
**Subject: - Hindi** | **M. Marks: - 80**
**Date: - 19/09/2024** | **Roll No. ______**

निर्देशः
1 इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं क, ख, ग, घ।
2 चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3 यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

| खण्ड 'क' (पठन) | | |
|---|---|---|
| प्रश्न.1) | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (कुल भार 7) | कुल भार |
| | शरीर को स्वस्थ या निरोग रखने में व्यायाम का कितना महत्त्व है इस पर कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। आज की भाग-दौड़ से भरी जिंदगी ने मनुष्य को इतना व्यस्त कर दिया है कि वह यह भी भूल गया है कि इस सारी भाग-दौड़ का वह तभी तक हिस्सेदार है जब तक कि उसका शरीर भी स्वस्थ है। जो व्यक्ति अपने शरीर की उपेक्षा करता है वह अपने लिए रोग बुढ़ापे तथा मृत्यु का दरवाजा खोलता है। वैसे तो अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित भोजन स्वच्छ जल तथा शुद्ध वायु संयम तथा नियमित जीवन सभी कुछ आवश्यक है किंतु इन सबमें व्यायाम करने वाले व्यक्ति में कुछ ऐसी अद्भुत शक्ति आ जाती है कि अपने सारे शरीर पर उसका अधिकार हो जाता है। | |
| क) | व्यायाम का क्या महत्त्व है? | (1) |
| ख) | आज व्यक्ति क्या भूल गया है? | (1) |
| ग) | शरीर की उपेक्षा करने वाला व्यक्ति क्या नुकसान करता है ? | (1) |
| घ) | अच्छे स्वास्थ्य के लिए क्या-क्या आवश्यक हैं? | (1) |
| ङ) | अच्छे स्वास्थ्य के लिए क्या-क्या आवश्यक हैं? | (1) |
| च) | उपर्युक्त गंद्यांश में से दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए। | (1) |
| छ) | 'संतुलित भोजन' इस शब्द का वाक्य प्रयोग कीजिए। | (1) |
| प्रश्न.2) | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (कुल भार 7) | |
| | मेरे देश का नाम भारत है जो महाराज दुष्यंत एवं शकुंतला के प्रतापी पुत्र "भरत" के नाम पर रखा गया। पहले इसे "आर्यावर्त" कहा जाता था। इस पावन देश में राम, कृष्ण, महात्मा बुद्ध, वर्धमान महावीर आदि महापुरुषों ने जन्म लिया। इस देश में अशोक और अकबर जैसे प्रतापी सम्राट भी हुए हैं। इस देश के स्वतंत्रता संग्राम में | |

| | | |
|---|---|---|
| | महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, लोकमान्य तिलक, गोपाल कृष्ण गोखले, लाला लाजपत राय, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरोजिनी नायडू आदि ने कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया। | |
| क) | भारत का नाम किसके नाम पर रखा गया? | (1) |
| ख) | इस देश को पहले किस नाम से जाना जाता था? | (1) |
| ग) | इस देश के स्वतंत्रता संग्राम में जिन लोगों ने कंधा मिलाकर संघर्ष किया उन में से किन्हीं दो के नाम लिखिए। | (1) |
| घ) | उपर्युक्त गंद्यांश के लिए शीर्षक लिखिए। | (1) |
| ङ) | 'संघर्ष' इस शब्द का वाक्य प्रयोग कीजिए। | (1) |
| च) | प्राचीन काल में किन-किन महापुरुषों ने इस देश में जन्म लिया? | (2) |
| | खण्ड 'ख' (व्याकरण) | |
| प्रश्न.3)<br>क) | नीचे दिए गए वाक्यों को कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिहन की सहायता से पूरा करें।<br>1) रोहित ......... तो यह खेल खेलना बहुत पहले ही छोड़ दिया था। ( ने / में / को )<br>2) सेना ......... जवान आ रहे हैं। ( का / के / को ) | (2) |
| ख) | नीचे दिए गए **मुहावरों** का वाक्य में प्रयोग करें।<br>1) गागर में सागर भरना। 2) घुटने टेकना | (2) |
| ग) | नीचे दिए गए शब्दों के लिए **दो-दो पर्यायवाची** शब्द लिखिए। ( कोई दो )<br>1)देवता 2) मित्र 3) तारा | (2) |
| घ) | नीचे दिए गए शब्दों के **विलोम** शब्द लिखिए।<br>1) जन्म 2) बंधन | (2) |
| ङ) | अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। ( **वाक्यांश**)<br>1) जानने की इच्छा रखनेवाला - ...............<br>2) जो दिखाई ना दे - ............ | (2) |
| च) | निम्नलिखित वाक्यों में से **विशेषण शब्द** छाँटकर लिखिए।<br>1) मेज़ पर सुंदर फूल रखे थे।<br>2) टूटी-फूटी झोपड़ी के बाहर शेर खड़ा था। | (2) |
| छ) | नीचे दिए गए वाक्य में **सर्वनाम** शब्द छाँटकर लिखिए।<br>1) रोहन ने मुझसे कहा था कि, तुम बाहर मत जाना।<br>2) हमें अपना काम स्वयं करना चाहिए। | (2) |
| ज) | निम्नलिखित वाक्य में उचित **विराम चिह्नों** का प्रयोग कर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>1) रोहन ने कहा तुम कहाँ रहते हो<br>2) पिताजी बाज़ार से फल फूल मिठाई और कपड़े ले आए | (2) |
| | खण्ड 'ग' (साहित्य) | |
| प्रश्न.4) | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। ( कुल भार 5)** | |

| | | |
|---|---|---|
| | गरमी के दिन थे। बाबू जी दफ़्तर गए हुए थे। अम्माँ दोनों बच्चों को कमरे में सुलाकर खुद सो गई थीं। लेकिन बच्चों की आँखों में आज नींद कहाँ? अम्माजी को बहलाने के लिए दोनों दम रोके, आँखें बंद किए, मौके का इंतजार कर रहे थे। ज्यों ही मालूम हुआ कि अम्माजी अच्छी तरह से सो गईं, दोनों चुप के से उठे और बहुत धीरे से दरवाजे की सिटकनी खोलकर बाहर निकल आए। अंडों की हिफाजत की तैयारियाँ होने लगीं। केशव कमरे से एक स्टूल उठा लाया, लेकिन जब उससे काम न चला तो नहाने की चौकी लाकर स्टूल के नीचे रखी और डरते-डरते स्टूल पर चढ़ा। श्यामा दोनों हाथों से स्टूल पकड़े हुए थी। स्टूल चारों टाँगें बराबर न होने के कारण जिस तरफ ज्यादा दबाव पाता था, जरा-सा हिल जाता था। उस वक्त केशव को कितनी तकलीफ उठानी पड़ती थी, यह उसी का दिल जानता था। | |
| क) | किसके हिफाजत की तैयारियाँ होने लगीं? | (1) |
| ख) | बाबू जी कहाँ गए हुए थे ? | (1) |
| i) | दफ़्तर में। | |
| ii) | शहर से बाहर। | |
| iii) | गाँव में। | |
| iv) | जंगल में। | |
| ग) | केशव कमरे से क्या उठा लाया? | (1) |
| घ) | श्यामा दोनों हाथों से स्टूल क्यों पकड़े हुए थी ? | (1) |
| ङ) | दोनों बच्चों को कमरे में नींद क्यों नहीं आ रही थी ? | (1) |
| प्रश्न.5) | निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (25 से 30 शब्दों में) (कुल भार 6) | |
| क) | मास्टरजी ने ऐसा क्यों कहा कि मोहन के पेट दार्द का इलाज़ किसी वैद्य या डॉक्टरजी के पास नहीं है? | (2) |
| ख) | लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थीं? | (2) |
| ग) | नागराजन वेफ अलबम के हिट हो जाने के बाद राजप्पा वेफ मन की क्या दशा हुई? | (2) |
| प्रश्न.6) | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (कुल भार 5) | |
| | साथी हाथ बढ़ाना साथी हाथ बढ़ाना<br>एक अकेला थक जायेगा मिल कर बोझ उठाना<br>साथी हाथ बढ़ाना ...<br>हम मेहनतवालों ने जब भी मिलकर कदम बढ़ाया<br>सागर ने रस्ता छोड़ा परबत ने शीश झुकाया<br>फ़ौलादी हैं सीने अपने फ़ौलादी हैं बाहें<br>हम चाहें तो पैदा करदें चट्टानों में राहें साथी हाथ बढ़ाना ...<br>मेहनत अपनी लेख की रखना मेहनत से क्या डरना<br>कल गैरों की खातिर की अब अपनी खातिर करना<br>अपना दुख भी एक है साथी अपना सुख भी एक<br>अपनी मंजिल सच की मंजिल अपना रस्ता नेक़ साथी हाथ बढ़ाना .. | |
| क) | मेहनत करने वालों का रास्ता कैसा है और उनकी मंजिल कैसी है? | (1) |

| | | |
|---|---|---|
| ख) | मेहनत करने वालों का सीना और बाहें कैसी है? | (1) |
| ग) | कवि सबसे हाथ बढ़ाने के लिए क्यों कहता है? | (1) |
| घ) | उपर्युक्त पद्यांश में से दो संयुक्त व्यंजन वाले शब्द छांट कर लिखिए। | (1) |
| ङ) | कवि मेहनत से क्यों नहीं डरता है? | (1) |
| प्रश्न.7) | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (**25** से **30** शब्दों में) (कुल भार **6**) | |
| क) | **'सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया। साहिर ने ऐसा क्यों कहा है? लिखिए।** | **(2)** |
| ख) | 'वह चिड़िया जो' इस कविता में चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार है? | **(2)** |
| ग) | कवि ने चाँद से बातें कब की हैं और क्या-क्या बातें की हैं? | **(2)** |
| प्रश्न.8) | निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर</u> अपने शब्दों में लिखिए। (**50** से **60** शब्दों में)। (**2×3=6**) | |
| क) | अयोध्या के दरबार में महर्षि विश्वामित्र क्यों आए थे? | **(3)** |
| ख) | **विश्वामित्र ने कहा, ये जानवर और वनस्पतियाँ जंगल की शोभा हैं। इनसे कोई डर नहीं है। उन्होंने ऐसा क्यों कहा?** | (3) |
| ग) | माता कैकयी ने राज दशरथ से कौन से दो वरदान माँगे और क्यों? | **(3)** |
| | खण्ड 'घ' (लेखन) | |
| प्रश्न.9) | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए।** (**1×5=5**)<br>• **प्रातः कालीन सैर**<br>संकेत बिंदु – व्यायाम स्वस्थ्य जीवन की कूंजी<br>– खान पान - जीवन का आधार<br>– आधुनिक जीवन शैली का व्यायाम पर प्रभाव<br>**अथवा**<br>• **स्वच्छ भारत : प्रगत भारत**<br>संकेत बिंदु – भारत प्राचीन संस्कृति, सभ्यता स्वच्छता से संपन्नता तक<br>– **स्वच्छ एवं सुंदर भारत** प्रगति के लिए आवश्यक<br>– पर्यावरण को साफ़ एवं स्वच्छ रखना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य। | **(5)** |
| प्रश्न.10) | • बीमारी के कारण दो दिन के अवकाश हेतु आपके विद्यालय के प्रधानाचार्य को **प्रार्थना पत्र** लिखिए।<br>**अथवा**<br>• आपके विभाग के सफाई अधिकारी को मोहल्ले में समय पर सफाई न होने के कारण होने वाली मुश्किलों से अवगत करवाते हुए **पत्र** लिखिए। (**1×5=5**) | **(5)** |
| प्रश्न.11) | आपका कलर बुक विद्यालय के मैदान में खो गई है। कलर बुक का वर्णन करते हुए **लगभग 60 शब्दों में सूचना** लिखिए। (**1×4=4**) | **(4)** |
| प्रश्न.12) | आपके शहर में फलों की एक नई दुकान खुली है जिसके विज्ञापन की ज़िम्मेदारी आपको दी गई है। दुकान की प्रसिद्धी करने के लिए **लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन** बनाइए। (**1×3=3**) | **(3)** |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न.13) | नीचे दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **लगभग 80 शब्दों में लघुकथा** लिखिए साथ ही उचित शीर्षक देकर कहानी से मिलने वाली सीख भी लिखिए। (1×5=5)<br>**संकेत बिंदु**<br>**शीर्षक** ..............................................<br>• शेर का एक पेड़ के नीचे आराम के लिए सोना।<br>• उसी पेड़ के नीचे एक चूहे का खेलना, शेर की नींद टूटना और शेर का गुस्से से उबल पड़ना।<br>• चूहे की घबराकर माफ़ी माँगना और दोस्त बनकर मदद करने का वादा करना।<br>• एक दिन शेर का शिकारी के जाल मे फँसना और चूहे का जाल काटकर शेर की मदद करना।<br>सीख ........................................................ | (5) |